**Need to provide financial assistance for Radha Krishna Festival of Babhandi Village in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid**

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू):** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के ग्राम बभंडी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर सरोवर के मध्य स्थित यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए गहरी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है । विदित है कि इस ऐतिहासिक मंदिर की स्थापना वर्ष 1930 में हुई थी। पलामू के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर.एन. सिंह एवं स्थानीय जिला प्रशासन के प्रयासों से इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है । इसके ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व को देखते हुए जिस प्रकार से श्री बंशीधर नगर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है, उसी प्रकार यहां की जनता बभंडी में राधा कृष्ण महोत्सव का आयोजन कराने की मांग कर रही है। इससे इस मंदिर को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है और इसे श्री बंशीधर नगर मंदिर से जोड़कर एक व्यापक राधा कृष्ण धार्मिक पर्यटन सर्किट का हिस्सा बनाए जाने की आवश्यकता है । संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि केन्द्र सरकार की सांस्कृतिक एवं धरोहर संबंधी योजनाओं के तहत राधा कृष्ण महोत्सव को वित्तीय सहायता एवं आधिकारिक मान्यता प्रदान करने की कृपा की जाये ताकि इस मंदिर को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके ।